B-3 & 4
L-22
Social Justice

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति - 2017

## उद्देश्य :-

- भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में आम आदमी के विश्वास को मजबूत करना और - सबके लिए अच्छे स्वास्थ्य एवं कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करना।

## प्रमुख प्रावधान :-

1. देश भर में लोक स्वास्थ्य संस्थानों का पुनर्अभिविन्यास तथा सदृढ़ता पर विशेष बल ताकि रोग निदान, मुफ्त दवाएँ और जरूरी स्वास्थ्य सेवाएँ सार्वभौमिक रूप से मुहैया करायी जा सकें।

2. निजी क्षेत्रों के साथ मिलकर स्वास्थ्य समस्या एवं उनके समाधान संबंधी रणनीति का निर्माण, क्षमता निर्माण जागरूकता को बढ़ावा, कुशलता विकास कार्यक्रम को बढ़ावा; आपदा प्रबंधन तथा सभी समुदायों के लिए सतत स्वास्थ्य तंत्र पर बल।



Scanned by CamScanner

3. मुफ्त रोग निदान, मुफ्त दवा तथा मुफ्त आपात सेवा सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध करने पर बल।

4. परम्परागत चिकित्सा प्रणाली (आयुर्वेद, यूनानी होम्योपैथिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और योगा) के विकास पर विशेष बल।

5. सभी स्त्रोतों का 2/3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को देने की अनुशंसा और जिला स्तर पर माध्यमिक देखभाल की सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रावधान जो एक मेडिकल कॉलेज प्रदान करता है।

6. रोगों के फैलने वाली घटनाओं पर निरंतर स्वास्थ्य एवं जाँच तंत्र को मजबूत करने तथा रोगों के पंजीकरण पर बल।

7. स्वास्थ्य विभाग में डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर बल तथा राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य संस्था को इसके विनियमन की जिम्मेदारी।

8. सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय पर GDP का 2.5% तक एक निर्धारित समय सीमा के अन्दर बढ़ाने का प्रस्ताव।



KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR
Scanned by CamScanner

9. वर्ष 2025 तक जन्म से जुड़ी जीवन प्रत्याशा 67.5 से बढ़ाकर 70 वर्ष करने; 2025 तक 5 वर्ष से कम आयु की मृत्यु दर 23 प्रति हजार करने; नवजात शिशु मृत्युदर को 2025 तक 16 प्रति हजार जन्म तक करने और 2022 तक अशक्त आयु वर्ग की समुचित निगरानी की व्यवस्था करने का लक्ष्य।

10. स्वास्थ्य देखभाल को बच्चों एवं किशोरों में सर्वोच्च स्तर तक पहुँचाने तथा विद्यालयी स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जोर।

11. विद्यालयों एवं दफ्तरों में योगा शुरू करने पर जोर।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP)-2017 की कमियाँ / आलोचना

(i) इस नीति में स्वास्थ्य के अधिकार को नागरिक अधिकार के रूप में शामिल नहीं किया गया है।

(ii) निजी क्षेत्र को बिना नियमन तंत्र के बढ़ावा देने का प्रस्ताव घातक है।



KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR
Scanned by CamScanner

(iii) अक्षम तंत्र एवं संसाधनों की सीमितता पर इसमें ध्यान नही दिया गया।
(अर्थात विद्यमान व्यवस्था में सुधार पर बल नही दिया गया है)

(iv) ढुल-मुल कार्य प्रणाली तथा धीमी रफ्तार की समस्या।

(v) गुणवत्ता की समस्या और सरकार पर बोझ में वृद्धि।

(vi) मुफ्त दवा और इलाज की जगह स्वस्थ बने रहने को प्राथमिकता देने का अभाव (पौष्टिक आहार, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण, एवं सकारात्मक जीवन शैली पर बल का अभाव)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 का महत्व

- पहली बार लोक कल्याण के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र की आर्थिक सुदृढ़ता पर बल।
- पहली बार सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों को ध्यान में रखकर नीति का निर्माण।
- निजी क्षेत्र की सहभागिता के वित्त की समस्या का समाधान फलतः स्वास्थ्य और संरचना की सुदृढ़ता संभव।



KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR
Scanned by CamScanner

• स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट बढ़ाने का प्रस्ताव और इसका 0.5% Cess के रूप में प्राप्त करने का प्रावधान एक बेहतर प्रयास।

• PHC का दायरा बढ़ाने पर ज़ोर, जिला अस्पतालों के पुनर्गठन पर बल देकर स्वास्थ्य एवं अवसंरचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान।

• डिजिटलाइजेशन के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को जोड़ने पर बल देने से - स्वास्थ्य के क्षेत्र मे पारदर्शी त्वरित एवं विस्तृत सेवा की उपलब्धता संभव।

निष्कर्ष

अत: निष्कर्ष है कि -

कुछ कमियों के बावजूद नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति भारत में स्वास्थ्य के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसमें तकनीकी विकास और बदलते वैश्विक परिवेश के साथ सामंजस्य बैठाने की कोशिश की गई है।

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR



Scanned by CamScanner

## योजनागत प्रयास

• राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन - 2005

⇓

(1) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन - 2005

(i) जननी सुरक्षा योजना - 2005
(ii) जननी शिशु सुरक्षा योजना - 2011
(iii) ARSH योजना - 2016
(iv) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम - 2016
(v) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना - 2017
(vi) जनजातीय TB उन्मूलन कार्यक्रम - 2017
(vii) मोबाइल स्वास्थ्य केन्द्र सेवा
(viii) निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा

(2) राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन - 2013

2. मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम 2014

(i) सघन मिशन इन्द्रधनुष - 2.0 (दिसम्बर - 2019); 3.0 (फरवरी 2022); 4.0 (फरवरी 2022); 5.0 (अगस्त 2023)

• आयुष्मान भारत योजना - 2018



Scanned by CamScanner

(ii) आयुष्मान आरोग्य मान्दिर - 1.5 लाख )
(iii) प्रधानमंत्री (PM-JAY - 10 करोड़ BPL धारकों को 5 लाख प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य बीमा कवरेज )

⇓

- आयुष्मान भवः अभियान - सितम्बर 2023
- आयुष्मान भारत आपके द्वार - 3.0 - सितम्बर - 2023
- आयुष्मान भारत योजना विस्तार (सितम्बर - 2024)

4. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन - 2021

- डिजिटल स्वास्थ्य मिशन योजना



KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

Scanned by CamScanner